बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0 .... / 2026

समिति द्वारा संचालित बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) के प्रथम माध्यमिक (10वीं) परीक्षा, जून, 2025 तथा द्वितीय माध्यमिक (10वीं) परीक्षा, दिसम्बर, 2025 की उत्तरपुस्तिकाओं के स्क्रूटनी (पुनर्गणना) कराने के संबंध में आवश्यक सूचना :

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि समिति द्वारा बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड **(BBOSE)** के प्रथम माध्यमिक (10वीं) परीक्षा, जून, 2025 तथा द्वितीय माध्यमिक (10वीं) परीक्षा, दिसम्बर, 2025 में सम्मिलित परीक्षार्थियों का परीक्षाफल **दिनांक 12.03.2026** को प्रकाशित किया गया है। यदि कोई परीक्षार्थी अपने किसी एक विषय या सभी विषय के प्राप्तांक से असंतुष्ट हों, तो अपने उस विषय/विषयों की उत्तरपुस्तिका की स्क्रूटनी (पुनर्गणना) कराने हेतु समिति के वेबसाईट **https://www.biharboardscrutiny.com** एवं **https://biharboardonline.com** पर **दिनांक 20.03.2026 से 24.03.2026 तक की अवधि में रु0 200/– (दो सौ रूपये मात्र) प्रति विषय की दर से निर्धारित शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।**

2. ऑनलाइन मोड में आवेदन करने की प्रक्रिया :–

(i) उत्तरपुस्तिका की स्क्रूटनी के लिए ऑनलाइन आवेदन करने हेतु समिति के वेबसाइट **https://www.biharboardscrutiny.com** एवं **https://biharboardonline.com** पर **"Apply for scrutiny (BBOSE First/Second Secondary Examination June/December-2025)"** लिंक पर क्लिक कर परीक्षार्थी अपना रौल नम्बर, रौल कोड/अध्ययन केन्द्र कोड, जन्म तिथि एवं पासवर्ड अंकित कर रजिस्टर करेंगे। इस पासवर्ड को भविष्य में अपने उपयोग के लिए सुरक्षित रखेंगे।

(ii) परीक्षार्थी अपना रौल नम्बर, रौल कोड/अध्ययन केन्द्र कोड एवं पासवर्ड अंकित करते हुए **LOG-IN** करेंगे। इसके उपरांत **APPLICATION FORM FOR SCRUTINY** प्रदर्शित होगा, जिसमें विद्यार्थी की सभी विवरणी विषय सहित उपलब्ध रहेगी।

(iii) जिस विषय/विषयों में परीक्षार्थी को स्क्रूटनी करानी हो उन विषय/विषयों के सामने अंकित Check Box के अन्दर CLICK कर चयन करेंगे।

(iv) तत्पश्चात् **Fee Payment** के लिए पेज पर उपलब्ध **Fee Payment button (Make Payment)** को क्लिक करेंगे। निर्धारित स्क्रूटनी शुल्क की भुगतान हेतु राशि डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। परीक्षार्थी ऑनलाइन भुगतान के पश्चात् 24 घंटे के अन्दर अपने बैंक खाता से राशि की निकासी हुई है या नहीं, इसकी जाँच कर स्वयं संतुष्ट हो लेंगे। खाता से राशि की निकासी के पश्चात् समिति के खाता में जमा नहीं होने की स्थिति में संबंधित आवेदन अपूर्ण मानते हुए स्वीकार नहीं किया जायेगा।

शिक्षण एवं परीक्षा ... RN - 420 19 MAR 2026 ...ठापुर, पटना

3. स्क्रूटनी (पुनर्गणना) निम्नांकित बिन्दुओं पर आधारित होगी:–

- आवरण पृष्ठ पर अंकित प्रश्नवार अंकों का पुनः योग।
- अमूल्यांकित उत्तरों की जाँच (नियुक्त परीक्षक के द्वारा)।
- उत्तरपुस्तिका में प्रश्नवार लब्धांकों के योग का अंक फलक पर प्रधान परीक्षक के द्वारा सही रूप में अंकित रहने की जाँच।
- स्क्रूटनी के परिणामस्वरूप अंक बढ़ सकते हैं, घट सकते हैं या यथावत् रह सकते हैं।

19/3/26 19/3/26 19/03/26 19/3/2026 19/3/26

परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

ज्ञापांक : केन्द्रीय (मा०)–701/25 के० –1148 / पटना, दिनांक : 19 / 03 / 2026

प्रतिलिपि : 1. जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

2. **BRANCH MANAGER, HDFC BANK, MOURYALOK, PATNA** को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

3. **Kids International Pvt. Ltd** को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

4. उप निदेशक, परीक्षा एवं मूल्यांकन विभाग, बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड **(BBOSE)** को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

5. उप निदेशक / सिस्टम एनालिस्ट, आई0टी0 (मा0) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। यह भी अनुरोध है कि इस विज्ञप्ति की प्रति अध्ययन केन्द्र के को–ऑर्डिनेटर, छात्र / छात्रा एवं उनके अभिभावक की जानकारी हेतु समिति के **BSEB Mobile App** एवं समिति एवं **BBOSE** के वेबसाईट पर डाल दिया जाए।

6. वित्त पदाधिकारी / मुख्य लेखा पदाधिकारी (मा0) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

7. अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव, परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०) तथा निदेशक, आई0टी0 को सूचनार्थ प्रेषित।

19/03/26 19/3 19/03/26 19/3/26

परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।
19/3/26